>

Title: Request to make Chhawani Shaheed place in Basti, Uttar Pradesh, as a National Martyr Memorial.

श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती): माननीय अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बस्ती में स्थित छावनी शहीद स्थल की ओर दिलाना चाहता हूँ। महोदय, छावनी शहीद स्थल सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से जुड़ा हुआ आजादी की लड़ाई का जीता-जागता उदाहरण है। इसे राजा जालिम सिंह के राज्य अमोढ़ा के स्वतंत्रता संग्राम के स्थल के रूप में भी जाना जाता है। यह सन् 1857 के विद्रोह के दौरान भारतीय सेनानियों के लिए मुख्य आश्रय था और यह पीपल के पेड़ के लिए भी जाना जाता है। यहां पर जनरल किले की हत्या के बाद ब्रिटिश सरकार ने लगभग 250 स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी पर लटका दिया था। अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि छावनी शहीद स्थल की महत्ता को देखते हुए यहां पर एक राष्ट्रीय स्मारक बनाने की कृपा की जाए ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुधीर गुप्ता, श्री सी.पी. जोशी, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री अनुराग शर्मा को श्री हरीश द्विवेदी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।